## पीत–पत्र के बदले

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना।

विभागीय कार्यालय आदेश सं0–3724 दिनांक–17.07.2018 के आलोक में दिनांक–25.07.2018 से 26.07.2018 को सीतामढ़ी एवं शिवहर जिलों के क्षेत्रों के कार्यों का समीक्षा किया गया है।

तदनुसार समीक्षा प्रतिवेदन संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

अनु0ः– यथोक्त।

(ओम प्रकाश सिंह)
अधीक्षण अभियंता
नगर विकास एवं आवास विभाग

**दिनांक–25.07.2018 को नगर परिषद, सीतामढ़ी एवं नगर पंचायत डुमरा के क्षेत्र भ्रमण के दौरान किये गये निरीक्षण प्रतिवेदनः–**

दिनांक–25.07.2018 के नगर परिषद सीतामढ़ी का निरीक्षण कार्यपालक पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता की उपस्थित में की गयी। समीक्षा के दौरान निम्नलिखित बिन्दु सामने आयेः–

(1) **हर घर नल–जल निश्चय योजनाः–** हर घर नल–जल निश्चय योजना अन्तर्गत 28 वार्डों में बी0आर0जे0पी0 के द्वारा वाटर सप्लाई सुनिश्चित कराया जा रहा है। उक्त योजनान्तर्गत 04 जगहों पर जल मिनार निर्माण किया गया है तथा कुल 57 कि0मी0 पाईप लाईन बिछया जा चुका है। 3513 घरों में connection भी किया गया है तथा वाटर सप्लाई भी प्रारम्भ किया गया, परन्तु लिकेज होने के कारण वाटर सप्लाई रोक दिया गया है। मिसिंग लिंग तथा लिकेज मरम्मति का कार्य एक माह के अन्दर पुरा कर वाटर सप्लाई का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा।

(2) **गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजनाः–** वर्ष 2017–18 में कुल 24 योजना लिया गया है। जिसमें 19 योजना का कार्य आवंटन लिया जा चुका है। सभी 19 योजनओं का कार्य 2 माह के अन्दर पूर्ण कर लिया जायेगा। शेष 5 योजना बहुत कम राशि का होने के कारण किसी भी संवेदक के द्वारा निविदा नहीं डाला गया। उक्त 5 योजनाओं को विभागीय स्तर पर करवाने हेतु निर्णय लिया गया है। वर्ष 2018–19 में कुल 56 योजना का चयन प्रथम चरण में किया गया है। 56 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार किया जा रहा है।

(3) **प्रशासनिक भवनः–** प्रशासनिक भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। भवन निर्माण का कार्य लगभग पुरा हो गया है। Electrification तथा Sanitary/Water supply का कार्य किया जा रहा है। एक माह के अन्दर कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

(4) **सम्राट अशोक भवनः–** उक्त भवन के निर्माण हेतु निविदा प्रकाशति किया गया, जिसमें तीन निविदाकार के द्वारा भाग लिया गया। कनीय अभियंता के द्वारा बताया गया कि तकनीकी बिड खोलंकर तुलनात्मक विवरणी तैयार कर बुडा को भेजा गया है।

(5) **राज्य योजनाः–** कनीय अभियंता के द्वारा बताया गया कि राज्य योजना अन्तर्गत नाला निर्माण का तीन योजना लिया गया है। 02 योजना का निविदा रद्द होने के कारण पुनर्निविदा किया जा रहा है। अन्य एक योजना का तकनीकी बिड निष्पादन हेतु बुडा को भेजा गया है। एक व्यवसायिक भवन–सह–विवाह भवन योजना का प्राक्कलन तकनीकी स्वीकृति हेतु बुडा को भेजा गया है तथा एक पथ निर्माण योजना (अम्बेदकर चौक से हनुमान नगर तक) का तकनीकी बिड निष्पादन हेतु बुडा को भेजा गया है। कनीय अभियंता को निदेश दिया गया कि अपने स्तर से लगकर बुडा से सभी कार्यों का निष्पादन करवाना सनिश्चित करेंगे।

(6) **Map approval:–** कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 में 51 नक्शा स्वीकृत किया गया तथा वर्ष 2018–19 अभी तक 16 नक्शा स्वीकृत किया गया है।

<u>नगर पंचायत, डुमरा</u>

(1) **हर घर नल–जल निश्चय योजनाः–** इस योजना के अन्तर्गत नगर परिषद के द्वारा कुल 11 वार्डों में वाटर सप्लाई सुढ़ढ़ करने हेतु 7 जोन में विभक्त कर 6 योजना लिया गया है। जोन 01 से 05 में कार्य निर्धारित समय के अनुसार चल रहा है। सभी जोन में 38.43 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का लक्ष्य है तथा लगभग 3900 घरों में पानी का कनेक्शन देने का प्रावधान है। जोन–01 के निविदा का निष्पादन हेतु तकनीकी बिड बी0आर0जे0पी0 मुख्यालय में समर्पित किया गया है। शेष पाँच जोन में कार्य प्रगति पर है।

(2) **गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजनाः–** प्राथमिकता सूची के अनुसार 9 योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर कार्यपालक अभियंता, डुडा, सीतामढ़ी के पास तकनीकी स्वीकृति हेतु समर्पित किया गया है।

(3) **सम्राट अशोक भवनः–** उक्त भवन के निर्माण हेतु आवंटन प्राप्त है, परन्तु भूखण्ड निर्धारित किये गये मापी के अनुरूप नहीं है। अतः भवन निर्माण हेतु डिजाईन तथा ड्राइंग उपलब्ध भूखण्ड के रकबा के अनुसार तैयार करवाना होगा।

(4) **राज्य योजनाः–** जल जमाव समस्या के निदान हेतु आउॅट फॉल ड्रेन निर्माण (अमघट्टा रोड ट्रांसफार्मर से लेकर शंकर चौक बड़ी बाजार होते हुए नहेरू भवन तक) हेतु 2.96 करोड़ रूपये की स्वीकृति विभाग द्वारा दिया गया है। कनीय अभियंता के द्वारा बताया गया कि एक सप्ताह के अन्दर तकनीकी स्वीकृति के लिए प्राककलन तैयार कर बुडा कार्यालय में समर्पित कर दिया जायेगा।

(5) **Map approval:–** कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, डुमरा के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 में 11 नक्शा स्वीकृत किया गया तथा वर्ष 2018–19 में अभी तक 08 नक्शा पारित हुआ है।

दिनांक–26.07.2018 के नगर पंचायत, शिवहर एवं नगर पंचायत बेलसण्ड के कार्यपालक पदाधिकारी एवं अभियंता के साथ समीक्षा की गई, जिसका प्रतिवेदन निम्नवत् हैः–

(1) **हर घर नल–जल निश्चय योजनाः–** हर घर नल–ज्ल निश्चय योजना अन्तर्गत 15 वार्डों में से 10 वार्ड में वाटर सप्लाई हेतु कार्य बी0आर0जे0पी0 के द्वारा किया जा रहा है। दो जल मिनार निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। उक्त योजना में 14.38 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है तथा 4663 घरों में वाटर सप्लाई का कनेक्शन देने का प्रावधान है। अभी तक 821 घरों में पानी सप्लाई का कनेक्शन दिया गया है तथा 14.18 कि0मी0 पाईप लाईन बिछा दिया गया। शेष घरों में कनेक्शन देने के लिए निविदा निकाली गई है तथा वार्डों के बचे हुए शेष

भाग में पाईप लाईन बिछाने के लिए निविदा निकाली गई है। कुल 25 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान किया गया है।

(2) **गली–नाली पक्कीकरण निश्चय योजना:–** कुल 14 योजना लिया गया है, जिसमें 2 योजना का एकरारनामा हो गया है तथा कार्य प्रारम्भ है। अन्य 12 योजनाओं की निविदा प्रक्रिया में है। निदेश दिया गया कि अन्य सभी योजनाओं की निविदा का निष्पादन कार्यपालक अभियंता, डुडा, सीतामढ़ी से वार्त्ता कर अविलम्ब करवाया जाय तथा सभी निर्माण कार्यों को विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित अवधि के अन्तर्गत पूर्ण करवाया जाय।

(3) **सम्राट अशोक भवन:–** कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु भूखण्डं उपलब्ध हो गया है। उक्त भवन के निर्माण के लिए विभाग को सूचना भेजी गई है तथा निविदा प्रक्रियाधीन है तथा भवन के निर्माण हेतु 69.66 लाख आवंटन उपलब्ध है।

(4) **नगर सरकार भवन:–** कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि नगर सरकार भवन/प्रशासनिक भवन के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध हो गया है। भवन निर्माण हेतु निविदा करने की प्रक्रिया की जा रही है। उक्त मद में 65.21 लाख रूपये का आवंटन भी प्राप्त है।

(5) **राज्य योजना:–** (i) नगर पंचायत, शिवहर अन्तर्गत बस स्टैण्ड निर्माण हेतु जमीन नहीं उपलब्ध रहने के कारण आवंटन विभाग को वापस कर दिया गया था। वर्त्तमान स्थिति में जमीन उपलब्ध हो गया है तथा पुनः आवंटन की मांग विभाग से की गई है।

(ii) रैन बसेरा का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया है।

(iii) कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि शहर के अन्दर एक बड़ा नाला का निर्माण हेतु योजना तैयार किया जा रहा है। उक्त नाले के माध्यम से शहर के छोटे नालों का जल निकासी किया जा सकेगा।

(iv) वार्ड सं0–09 एवं 10 में नया बस स्टैण्ड के पीछे भागवती स्थान होते हुए पी0सी0सी0 सड़क का निर्माण का प्रगति पर है। स्थल निरीक्षण के दौरान अभी तक मिट्टी का कार्य हुआ पाया गया। उक्त कार्य 2 माह के अन्दर पूर्ण करने हेतु निर्धारित है।

(v) शहर के अन्दर पार्क निर्माण के संबंध में चर्चा किया गया तथा कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा पार्क निर्माण की योजना तैयार करने हेतु सहमति दी गई।

(6) **Map approval:–** कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 के दौरान कुल 84 नक्शा पारित किया गया तथा वर्ष 2018–19 में अभी तक 15 नक्शा पारित किया गया है।

नगर पंचायत, बेलसण्ड

(1) **हर घर नल–जल निश्चय योजनाः–** नगर पंचायत, बेलसण्ड के कनीय अभियंता के द्वारा बताया गया कि 13 वार्डों में कुल 8 योजना लिया गया है। सभी योजनाओं की स्थिति निम्नवत है।

(i) वार्ड सं0–01 एवं 09 में कार्य प्रगति पर है। इन दोनों वार्ड में 789 घरों में वाटर कनेक्शन देने का प्रावधान है, जिसमें 432 घर में वाटर कनेक्शन हो गया है। कुल पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान 5.685 कि0मी0 है। 432 घरों में वाटर सप्लाई हो रहा है।

(ii) वार्ड सं0–10 एवं 12 का कार्य प्रगति पर है। इन दोनों वार्ड में 380 घरों में वाटर कनेक्शन का प्रावधान है तथा 2.34 कि0मी0 सप्लाई पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है। अभी तक 300 घरों में वाटर कनेक्शन किया गया है तथा वाटर सप्लाई हो रहा है।

(iii) वार्ड सं0–11 में कार्य प्रगति पर है। 378 घरों में वाटर कनेक्शन तथा 4.48 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है। अभी तक 34 घरों में वाटर कनेक्शन दिया गया है तथा वाटर सप्लाई किया जा रहा है।

(iv) वार्ड सं0–04 में कार्य प्रगति पर है। 385 घरों में वाटर कनेक्शन तथा 3.2 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है। अभी तक 250 घरों में पानी का कनेक्शन दिया गया है तथा जलापूर्ति किया जा रहा है।

(v) वार्ड सं0–02 एवं 03 में जलापूर्ति कार्य हेतु एकरारनामा कर लिया गया है तथा संवेदक को कार्य प्रारम्भ करने हेतु आदेश दिया गया है। इन दोनों वार्डों के 485 घरों में तथा 3.26 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है।

(vi) वार्ड सं0–05 एवं 06 में जालपूर्ति कार्य का निविदा प्रकाशित किया गया, परन्तु एकल निविदाओं के कारण निविदा रद्द कर दिया गया। पुनर्निविदा हेतु कार्रवाई किया जा रहा है। इन दोनों वार्डों में 655 घरों को वाटर कनेक्शन तथा 5.50 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है।

(vii) वार्ड सं0–07, 08 एवं 10 में जलापूत्रि कार्य का निविदा प्रकाशित किया गया, परन्तु एकल निविदा होने के कारण निविदा रद्द कर दिया गया। पुनर्निविदा हेतु कार्रवाई किया जा रहा है। इन दोनों वार्डों के 850 घरों में वाटर कनेक्शन तथा 7.54 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है।

(viii) वार्ड सं0–07, 12 एवं 13 में जलापूर्ति कार्य का निविदा प्रकाशित किया गया, परन्तु एकल निविदा होने के कारण निविदा रद्द कर दिया गया। पुनर्निविदा हेतु कार्रवाई किया जा रहा है। इन सभी वार्डों के 780 घरों में वाटर कनेक्शन तथा 5.88 कि0मी0 पाईप लाईन बिछाने का प्रावधान है। योजनाओं को निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेत निदेश दिया गया तथा

अन्य तीन योजनाओं की निविदा अविलम्ब प्रकाशित करने हेतु निदेश दिया गया।

(2) **सम्राट अशोक भवनः–** मुख्य पार्षद महोदय के द्वारा बताया गया कि अंचलाधिकारी के द्वारा उक्त भवन के निर्माण हेतु जमीन आवंटित किया गया है। उक्त भवन के निर्माण हेतु डी0पी0आर0 में सुधार करते हुए तैयार किया जा रहा है तथा तकनीकी स्वीकृति एवं निविदा हेतु कार्रवाई किया जा रहा है।

(3) **नगर सरकार भवनः–** मुख्य पार्षद महोदय के द्वारा बताया गया कि नगर सरकार भवन हेतु जमीन उपलब्धता के लिए अंचलाधिकारी से अनुरोध किया गया है। भूखण्ड प्राप्त हो जाने पर डी0पी0आर0 में सुधार कर तैयार किया जायेगा।

(4) **राज्य योजनाः–** राज्य योजना अन्तर्गत वार्ड सं0–12 में एक रोड एवं नाला का कार्य चल रहा है तथा कार्य पूर्ण होने की स्थिति में है। वार्त्ता के क्रम में नगर परिषद क्षेत्र में पार्क एवं बड़े नाला का योजना चयन हेतु सुझाव दिया गया।

(5) **गली–नाली योजनाः–** कनीय अभियंता के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2017–18 में 16 योजना लिया गया, जिसमें 07 योजना का एकरारनामा किया जा रहा है। 04 योजना की तुलनात्मक विवरणी निष्पादन हेतु डुडा, सीतामढ़ी को समर्पित किया गया है। एक योजना का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा चार अन्य योजनाओं में किसी भी निविदाकार के द्वारा भाग नहीं लिए जाने के कारण पुनर्निविदा किया जा रहा है।

30/7/18

अधीक्षण अभियंता
बिहार शहरी विकास अभिकरण
नगर विकास एवं आवास विभाग
बिहार, पटना।